हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 स्कूल की पहचान भौतिक संरचना से नहीं, बल्कि...



14 सौभाग्य, शोमन, सर्वार्थसिद्धि योग पर आज भाइयों की कलाई पर...





### कड़ी सुरक्षा के बीच जेल में मनेगा राखी का त्योहार

# जेल में मिलेगा बहनों को प्रवेश सामने बैठकर बांधेंगी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राखी के दिन जेल के बंदियों को बहनों से मिलने का अवसर मिलेगा। प्रशासनिक भवन में रक्षा बंधन का त्योहार मनाने के लिए व्यवस्था की गई है। बहनों को मेनगेट से एंट्री दिया जाएगा। इसके बाद प्रशासनिक भवन में बैठकर वे अपने भाइयों को राखी बांध सकेंगी।

भाई बहन के पवित्र रिश्ते को सेलिब्रेट करने का पर्व राखी शनिवार को अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार जेल प्रशासन ने भी इस त्योहार को अच्छे से मनाने की तैयारी कर रखा है। कोरोना संकट के बाद पिछले साल से जेल प्रशासन बंदियों और उनकी बहनों को आमने- सामने बिठाकर राखी बांधने की सुविधा दे रहा है। उच्चस्तर से अनुमति मिलने के बाद जिला जेल प्रशासन ने सुरक्षा के साथ राखी त्योहार मनाने की तैयारी कर ली है। सुरक्षा की दृष्टि से कई नियम लागू किए गए हैं। सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया ने बताया कि राखी के दिन बंदियों की बहनों को जेल के भीतर प्रवेश दिया जायेगा। एक बंदी की अधिकतम दो बहनें जेल में आकर अपने भाई को राखी बांध सकेंगी। इस दौरान महिला प्रहरी उपस्थित रहेंगी। त्योहार में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बाहर से भी बल बुलाया गया है। सुबह 8 बजे से राखी सेलिब्रेशन शुरु हो जाएगा, जो शाम तक चलेगा।



## 100 ग्राम मिठाई की छूट

भाइयों की आरती, तिलक की व्यवस्था जेल प्रशासन द्वारा दी जाएगी। प्रशासनिक भवन राखी सेलिब्रेट किया जाएगा। वहां पर आरती, थाली, कुमकुम, अक्षत आदि की व्यवस्था होगी। राखी बहनों को लेकर जाना होगा। इसके अतिरिक्त बहनें 100 ग्राम तक सोनपापड़ी या सूखी मिठाई ले जा सकेंगी। घर का बना हुआ पकवान ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जेल में प्रवेश के बाद इन सामग्रियों की जांच के बाद ही बहनों को भाइयों से मिलने दिया जाएगा।

## दिनभर शुभ मुहूर्त

पंडित युवराज शर्मा ने बताया कि पंचांग के मुताबिक इस साल श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2.12 बजे से शुरू हो रही है और 9 अगस्त को दोपहर 1.21 बजे समाप्त होगी। पूर्णिमा तिथि पर सूर्योदय से पहले ही भद्रा समाप्त हो जाएगा। इसलिए दिनभर रक्षा बंधन का मुहूर्त है। उन्होंने बताया कि राहुकाल सुबह 9.07 बजे से शुरू होगा और 10.47 बजे तक रहेगा। राहुकाल में गृह प्रवेश, मुंडन, शुभ काम, यात्रा और खरीदारी जैसे कार्यों को करने से हानि की आशंका रहती है। इसलिए रक्षा बंधन भी राहुकाल से बचकर करें। उन्होंने बताया कि केवल शुभ मुहूर्त नहीं बल्कि राखी पर शुभ संयोग भी है। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4.22 बजे से 5.04 बजे तक है। सुबह 5.47 बजे से दोपहर 2.23 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग, दोपहर 12.17 बजे से दोपहर 12.53 बजे तक अभिजीत मुहूर्त है।

# हर साल अपनी बहन से राखी बंधवाने गांव आता है सैनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

### ग्राम कलारतराई के योगेश्वर हिरवानी 2011 से भारतीय सेना में पदस्थ हैं

ग्राम कलारतराई निवासी प्रहलाद हिरवानी के बड़े पुत्र योगेश्वर हिरवानी 2011 से भारतीय सेना में पदस्थ होकर दर्जनों राज्यों एवं बॉर्डर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। 15 साल की सर्विस लाइफ में वे हर साल रक्षाबंधन पर अपने गृह ग्राम कलारतराई पहुंचते हैं और अपनी इकलौती सगी बहन भुनेश्वरी साहू से राखी बंधवाते हैं। इस साल भी रक्षाबंधन पर घर आए हैं। आज रक्षाबंधन पर शुभ मुहूर्त पर राखी बंधवाएंगे। वर्तमान में योगेश्वर श्रीनगर एलओसी पर तैनात हैं।

घर पहुंचे सैनिक ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि साल में दो छुट्टी मिलती है जिसमें रक्षाबंधन का जरूर ख्याल करते हैं और त्योहार के पूर्व गांव पहुंच जाते हैं। योगेश्वर ने बताया कि नियुक्ति के बाद 2 साल तक बैंगलोर में ट्रेनिंग लेकर दिल्ली में 3 साल सेवाएं दी। तीन साल तक कश्मीर एलओसी में तैनात रहे। 3 साल रांची में सर्विस की। वर्तमान में श्रीनगर में तैनात हैं। 15 साल की सेवा अवधि में 6 जगह पोस्टिंग हुई, जहां पूरी शिद्दत से देश सेवा के कार्यों में लगे रहे। इस दौरान उन्हें काफी अनुभव मिला। छुट्टी मिलने पर रक्षाबंधन पर घर आए हैं। योगेश्वर के छोटे भाई माधवेन्द्र हिरवानी पत्रकार के साथ कलारतराई के उपसरपंच भी हैं।


























## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला डांडेसरा में रक्षाबंधन पर्व मना

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में एक दिन पूर्व रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस दौरान कक्षा पहली से पांचवीं तक की बालिकाओं ने बालकों को राखी बांधकर तिलक लगाया। इस दौरान बालिकाओं ने रक्षाबंधन पर्व से संबंधित गीत एवं कविता प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव, शाला समिति अध्यक्ष राजनारायण दीवान, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, शाला की प्रधानपाठिका उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षक शहनाज़ बानो, अनीता साहू, संतोषी दीवान, सरिता साहू, राधा बाई जोशी उपस्थित थे।

विधायक चंद्राकर के प्रयास व सांसद चौधरी की सक्रियता से मिली बड़ी उपलब्धि

# भारतमाला एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा कुरुद

यशवंत गंजीर ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ के कुरुद विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी अधोसंरचना परियोजना को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। कुरुद बाइपास सड़क निर्माण के लिए 104.35 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह प्रस्तावित बाइपास रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-30 को रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे से जोड़ेगा।



स्वीकृत परियोजना के तहत कुरुद में 6 किलोमीटर लंबे चार लेन बाईपास का निर्माण होगा। भारी वाहनों को नगर क्षेत्र में घुसने से रोकने के लिए यह मार्ग बेहद जरूरी था। इससे न केवल दुर्घटनाओं में कमी आएगी बल्कि यातायात भी सुगम हो सकेगा। यह बाईपास आने-जाने वालों के लिए क्षेत्रीय और अंतरराज्यीय संपर्क का प्रमुख माध्यम बनेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयास से अब यह क्षेत्र मुख्य राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ेगा, जिससे रोजमर्रा की सुविधाएं और भविष्य की योजनाएं तेजी से जमीन पर उतर सकेंगी।




**रायपुर-कुरुद-विशाखापट्टनम बाईपास के लिये 104.35 करोड़ स्वीकृत**

### विधायक अजय चंद्राकर ने की थी मांग

इस परियोजना को हरी झंडी दिलाने में विधायक अजय चंद्राकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर इस बाईपास की आवश्यकता और क्षेत्रीय फायदे पर चर्चा की थी। श्री गडकरी ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्ताव पर कार्यवाही शुरू की जाए और राशि स्वीकृत की जाए। इस परियोजना को आगे बढ़ाने में महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने भी दिल्ली में श्री गडकरी से मुलाकात कर इस मार्ग की स्वीकृति की मांग की थी। मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

### क्षेत्र को मिलेगा आर्थिक विकास का रास्ता

विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे कनेक्शन के तहत प्रस्तावित कुरुद बाईपास मार्ग तैयार होने के बाद क्षेत्र में व्यापारिक और कृषि गतिविधियों को नई रफ्तार मिलेगी। यह बाईपास न केवल बड़ी होटलों, व्यावसायिक इलाकों और कृषि मंडियों को सीधे एक्सप्रेस-वे से जोड़ेगा, बल्कि पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी आसान बनाएगा। इससे स्थानीय व्यापारियों, किसानों और निवासियों को नये बाजार और संसाधनों तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इस सड़क संपर्क के जरिए औद्योगिक निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी, जिससे कुरुद क्षेत्र में रोजगार के अवसर और सामाजिक-आर्थिक विकास को सीधा लाभ होगा।

### क्षेत्र को मिली विकास की नई रफ्तार





विधायक अजय चंद्राकर और सांसद रूपकुमारी चौधरी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और संबंधित मंत्रालय का आभार जताया है। दोनों नेताओं ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस स्वीकृति पर क्षेत्र को विकास की नई रफ्तार मिलने की उम्मीद जताते हुए कुरुद क्षेत्रवासियों ने विधायक अजय चंद्राकर व सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति आभार जताया है।

# अच्छी बारिश के लिए भीमा देवी की पूजा-अर्चना की

**पारंपरिक वाद्य यंत्रों और लोकगीतों के साथ पुरुषों और महिलाओं ने भीमा नृत्य किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम उमरगांव में ग्रामीणों ने भीमा देवी से अच्छी बारिश की कामना की। नृत्य एवं पूजा-अर्चना की।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र में आज भी अनेक पारंपरिक रीति-रिवाज है। ऐसा ही एक अनोखा आयोजन सिहावा क्षेत्र के गांव उमरगांव में देखने को मिला जहां भीमा देवी की पूजा और भीमा नाच की परंपरा को विधिवत निभाया गया। ग्रामीणों के अनुसार जब समय पर बारिश नहीं होती और खेतों में सूखे के आसार नजर आने लगते हैं, तब गांव वाले भीमा देवी की शरण में जाते हैं। उमरगांव के गांववासियों ने इस परंपरा को जीवित रखते हुए पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ भीमा देवी का पूजन किया। इसके बाद पुरुषों और महिलाओं ने मिलकर भीमा नाच किया। यह आयोजन पारंपरिक वाद्य यंत्रों और लोकगीतों के साथ संपन्न हुआ। गौर करने वाली बात यह रही कि पूजन और नाच के कुछ ही घंटों बाद क्षेत्र में घनघोर बादल छा गए और जोरदार बारिश हुई। कई लोग इसे देवी की कृपा मानते हैं, वहीं कुछ इसे संयोग कह रहे थे। गांव के लोगों के लिए यह सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि आस्था और सामूहिक विश्वास की अभिव्यक्ति है।





# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों और शिक्षकों में तालमेल जरूरी : विश्वकर्मा

- हाईस्कूल दहदहा में मेगा पीटीएम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला दहदहा में मेगा पीटीएम का आयोजन हुआ।

प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र कुमार पाल ने पीटीएम के उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता, मासिक परीक्षा की समीक्षा, बच्चों की नियमित उपस्थिति, नशा के विरुद्ध अभियान, मां के नाम एक पेड़, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब के संबंध में बताया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए पालकों एवं विद्यार्थियों से अपील की। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों को घर में भी अध्ययन अध्यापन, खेलकूद, मनोरंजन का वातावरण उपलब्ध कराने का आग्रह किया।



विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत शिक्षक राजेंद्र चंद्राकर ने पालकों को सामुदायिक सहभागिता की तर्ज पर स्कूली गतिविधियों में सहयोग करने का आग्रह किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरि विश्वकर्मा ने पालकों और शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष हरि विश्वकर्मा, दहदहा सरपंच डीलन चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि सुनील चंद्राकर, सदस्य पन्ना चंद्राकर, मेंडरका सरपंच नेमीन सिन्हा, देवकुमार चंद्राकर, गौतम साहू, कौस्तुक चंद्राकर, संजय कुमार साहू, देवराज चंद्राकर, ललित कुमार साहू, माहेश्वरी साहू, लक्ष्मी बंजारे, देवकी निर्मलकर, भोजबाई, शेखन निर्मलकर सहित पालकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जितेन्द्र परमार ने किया।

# समाज हित में सभी संगठित होकर काम करें : तेजराम

- खिसोरा में मरार पटेल समाज की महिला प्रकोष्ठ का हुआ चुनाव
- संयोजक इंदु, अध्यक्ष वीणा पटेल, सचिव दुलारी बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मरार पटेल समाज खिसोरा में महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। उपसरपंच इंदु पटेल ने सामाजिक संगठन को संचालित करने के लिए सभापति का चुनाव किया।

इंदु पटेल ने कहा कि हमारा समाज अन्य समाज की अपेक्षा पिछड़ा हुआ है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं को आगे आने की आवश्यकता है। महिलाए पुरुषों से कम नहीं है। आज देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को भी सुशोभित कर रही है। हम सबको संगठित होकर समाज के विकास में योगदान देने की आवश्यकता है।



कार्यक्रम में राजिम राज अध्यक्ष तेजराम पटेल ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति को संगठित रहने की आवश्यकता है। राज एवं प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा समाज को संगठित करने के लिए हरसम्भव प्रयास किया जा रहा है। महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ का निर्माण किया गया है। कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिभा सम्मान, ऑनलाइन कोचिंग, ऑफलाइन कोचिंग, शासकीय सेवा के विभिन्न विभागों की जानकारी दी जा रही है। आगे कहा कि शिक्षा सभी लोगों के लिए आवश्यक है, शिक्षा के साथ हमें अपने बच्चों को संस्कार देने की जरूरत है। शिक्षा और संस्कार ही समाज को मजबूत करता है। कार्यक्रम को शिक्षक हरिशंकर पटेल एवं ऋषि कुमार पटेल ने भी सम्बोधित किया। महिला प्रकोष्ठ संयोजक इंदु पटेल उपसरपंच, सहसंयोजक महेश्वरी पटेल, अध्यक्ष वीणा पटेल, उपाध्यक्ष सोहद्रा पटेल, सचिव दुलारी पटेल, सहसचिव रेणुका पटेल, कोषाध्यक्ष रमा पटेल, कार्यकारिणी सदस्य डुगेश्वरी, उमेश्वरी, जानकी, झामिन ममता, रोशनी, ईश्वरी, ज्योति पटेल, सुनीता पटेल, भूपेश्वरी पटेल, लोकमती चुनी गई।

इस दौरान अनीता पटेल, लता पटेल, जानकी पटेल, द्रौपदी पटेल, जागेश्वरी पटेल, कुंती पटेल, निर्मला पटेल, दुलेश्वरी पटेल, भेलो पटेल, अहिल्या पटेल, दुरपत पटेल, चंपा पटेल, बसंती पटेल, संतोषी पटेल, शकुन पटेल, चम्पी पटेल, हेमलता पटेल, भूपेश पटेल, सरिता पटेल, रामेश्वरी पटेल, सुरजा पटेल, खिसोरा अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, सचिव कौशल कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष वेंकट पटेल, हेमंत पटेल,

# शपथ ग्रहण समारोह को लेकर पटेल समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पटेल समाज के जिलाध्यक्ष सहित नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह देऊरपारा (सिहावा) कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 10 अगस्त को होगा।

इस संबंध में कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावाराज, नगरी राज की संयुक्त बैठक देऊरपारा (सिहावा) कणेश्वर धाम में स्थित शांकम्भरी मंदिर में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र नायक पटेल प्रदेश संयोजक कोसरिया मरार पटेल समाज छग, अति विशेष अतिथि सुनील पटेल प्रदेशाध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज छग, तेजराम पटेल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज छग होंगे। अध्यक्षता अमरसिंग पटेल प्रदेश संरक्षक कोसरिया मरार पटेल समाज छग करेंगे। विशेष अतिथि सियाराम पटेल राज अध्यक्ष बगौद, कन्हैया पटेल राज अध्यक्ष सिहावा, वामदेव पटेल राज अध्यक्ष नगरी, शगुन पटेल राज अध्यक्ष धमतरी, कपिल पटेल राज अध्यक्ष जी-जामगंव, देवेंद्र पटेल राज अध्यक्ष बारना, डॉ. लखन पटेन राज अध्यक्ष पोटियाडीह होंगे।

मौके पर समाज के खुटैत नारायण सिंह पटेल, कन्हैयालाल पटेल, सौभाग्यचंद पटेल, कुंजलाल पटेल, अशोक पटेल, डिलेश्वर पटेल, रामभरोसा पटेल, प्रेमलाल पटेल, युवराज पटेल, अघनूराम पटेल, लकेश पटेल, राजू पटेल, रमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

**औषधि पादप बोर्ड अध्यक्ष ने आयुर्वेद पद्धति के प्रचारक आचार्य बालकृष्ण से भेंट की**

# जनजातीय वैद्यराजों को प्रशिक्षित कर पारंपरिक चिकित्सा को वैश्विक मंच पर लाना हमारा लक्ष्य है : विकास मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में आयुर्वेद एवं परंपरागत चिकित्सा पद्धति के अंतरराष्ट्रीय प्रचारक आचार्य बालकृष्ण से भेंट की। इस भेंटवार्ता के दौरान परंपरागत चिकित्सा प्रणाली, जनजातीय वैद्यक परंपरा और औषधीय वनस्पतियों के संरक्षण को लेकर चर्चा हुई।

श्री मरकाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सुदूर आदिवासी अंचल में आज भी पारंपरिक वैद्यराजों द्वारा जड़ी-बूटियों एवं देशज ज्ञान के आधार पर उपचार किया जा रहा है जो सदियों से लोकजीवन का हिस्सा है। उन्होंने आचार्य बालकृष्ण के समक्ष यह प्रस्ताव रखा कि इन परंपरागत वैद्यों को वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे यह अमूल्य ज्ञान संरक्षित रह सके और आने वाली पीढ़ियों को लाभ मिल सके।





चर्चा के दौरान यह भी सहमति बनी कि छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य जनजातीय क्षेत्र में पाए जाने वाले औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों का प्रामाणिक डॉक्यूमेंटेशन आवश्यक है। इससे न केवल इन बहुमूल्य वनस्पतियों का वैज्ञानिक संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा, बल्कि इन्हें आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में बेहतर ढंग से शामिल किया जा सकेगा।

श्री मरकाम ने इस पहल को छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल बताते हुए कहा कि यह कार्य राज्य के वनवासी समुदायों की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ की जैव-सांस्कृतिक विविधता तथा परंपरागत ज्ञान को यदि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संरक्षित किया जाए, तो यह वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकता है। आचार्य बालकृष्ण ने श्री मरकाम की इस पहल की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि पतंजलि योगपीठ हमेशा भारतीय परंपरा, आयुर्वेद और वनवासी जीवनशैली को पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह मुलाकात छत्तीसगढ़ और पतंजलि संस्थान के बीच भावी सहयोग की संभावनाओं के द्वार खोलती है, जिससे भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को एक नया आयाम मिल सकता है।

## अंचल की खबरें

### बकली में 151 पार्थिव शिवलिंग का हुआ जलाभिषेक



**सिर्री।** ग्राम बकली के बाजार चौक में ग्रामवासियों व शिवभक्तों के सहयोग से गांव की सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली के लिए सावन सोमवार के अंतिम सोमवार को 151 पार्थिव शिवलिंग का जलाभिषेक किया गया। 151 जोड़ों ने शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। कार्यक्रम में गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, डॉ लोकेश साहू भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष, थानेश्वर तारक महामंत्री शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेल्हाराम साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, मन्नूलाल साहू पूर्व परिक्षेत्र सचिव, अंकालु राम नागरची, हरिराम, संतराम साहू, शिवकुमार साहू, त्रिलोचन साहू, कोमल साहू, वीरेंद्र साहू, लोकेश्वर साहू, धर्मेंद्र साहू, गणेशुराम, नेहरूराम, परमेश्वर, पुरुषोत्तम, संतोष, ओमप्रकाश, टेकराम, खेतेश्वर, भीखम, मनीराम, टोमेश्वर का योगदान रहा।

### रामपुर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी जोरों पर



**बगदेही(धमतरी)।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में जोर-शोर से की जा रही है। मार्चपास्ट का अभ्यास परेड इंचार्ज गुलशन साहू व्यायाम शिक्षक के नेतृत्व में स्कूल के चारों हाऊस सत्यम हाउस, शिवम् हाउस, सुन्दरम हाउस, मधुरम हाऊस के कैडर द्वारा किया जा रहा है। परेड में चार प्लाटून बनाया जाता है जिसका नेतृत्व हाउस कैप्टन द्वारा किया जाता है। चारों हाऊस के बालक एवं बालिका द्वारा मार्चपास्ट की बारीकियों का अभ्यास किया जा रहा है। समारोह में परेड प्रदर्शन, पीटी ड्रिल, मानव श्रृंखला, सलामी का अभ्यास किया जा रहा है।

### आंगनबाड़ी में बच्चों का हुआ अन्नप्राशन



**डांडेसरा(धमतरी)।** नर्सरी पारा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में ग्राम पंचायत डांडेसरा द्वारा बर्तन सामग्री प्रदान की गई। इस दौरान नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। अन्नप्राशन के साथ स्तनपान दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकार, ग्रामीण उपाध्यक्ष पंकज जोशी, पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू, अंगद चन्द्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीतू जोशी, वार्ड पंच तारा यादव, शारदा साहू, मालती साहू, पूर्णिमा साहू, धनेश्वरी साहू, दुलारी दीवान, मोना जोशी, भूमिका साहू, शीबा साहू, क्षमा साहू, सत्तुबाई साहू, झामिन दीवान उपस्थित थे।

### गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई



**कुकरेल(धमतरी)।** कुकरेल में सुपोषण चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान विश्व स्तनपान दिवस के बारे में जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई हुई। अन्न प्राशन भी हुआ। खीर पूड़ी का वितरण किया गया। मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता भारद्वाज, सुकृत यूनानी सिंह, नूतन साहू, कुंती साहू, पुष्पलता साहू, मीना ध्रुव, शांति विश्वकर्मा, अहिल्या ध्रुव, स्वाति सिंह, तारिणी, हेमा ध्रुव, वर्षा नेम, जितेंद्र, शालू देवांगन, रामभरोसा, पूर्णिमा, शकुन वैष्णवी उपस्थित थे।

### नारी मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन

**सिर्री।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार कुरूद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक प्रभारी युगल पांडे और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, छाया विधायक तारिणी चंद्राकर की उपस्थिति में ग्राम मौरीकला में बैठक रखकर नारी मंडल कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का चयन किया गया। मंडल अध्यक्ष रामनारायण यादव ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की। उपाध्यक्ष धरमपाल साहू, उपाध्यक्ष गोपेश्वर साहू सरपंच कोकड़ी, उपाध्यक्ष कविता, पुनेंद्र देव साहू, कोषाध्यक्ष बहुर राम, महामंत्री खुशबू चेमन यादव, संगठन मंत्री जगतपाल साहू, सचिव टिकेश्वर साहू, सचिव खम्हन लाल, सहसचिव दुलेश साहू, सहसचिव बसंती सुरेंद्र, सहसचिव भारत लाल, सोशल मीडिया प्रभारी चोवाराम नागरची बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्य लाकेश खर्रा भूपेंद्र, पोषण, हेमंत साहू नारी, दीपक साहू सरपंच बकली, चमन लाल धूमा, कमलेश कोकड़ी, गिरिशध्वज नेताम, सरस्वती बाई सोनवानी संकरी, कामता प्रसाद ध्रुव बकली, अवध राम सतनामी संकरी, कीर्ति बाई ध्रुव नारी, कुंती बाई बांधे रावणगुड़ा हैं।


रामनारायण यादव


धरमपाल साहू

- रामनारायण अध्यक्ष, धरमपाल उपाध्यक्ष, बहुरराम बने कोषाध्यक्ष

### सिलौटी स्कूल में हुआ पौधरोपण



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, विदयार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों ने स्कूल परिसर एवं आसपास फलदार, छायादार व सजावटी पौधे लगाए। पौधों का नियमित रूप से संरक्षण करने का संकल्प लिया। मौके पर प्राचार्य बी. पदमा राजेश, एके यादव, जेएन सोनवानी, एसके जैन, एसके ध्रुव, एचआर साहू, सीपी साहू, आर पोर्ते, वायके सेन, एनआर साहू, रानी साहू, एनके साहू, एचके साहू, यशोदा साहू, आकाश साहू, भोजराम साहू उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### राम सेवा बोल बम ग्रुप ने लगाए पौधे



**धमतरी।** राम सेवा बोल बम ग्रुप ने शपथ ग्रहण के बाद धान खरीदी केंद्र और स्कूल परिसर में पीपल, गुलमोहर, कनेर, नीम, आम, शीशम के पौधे लगाए। मौके पर सरपंच हेमंत कुमार नेताम, धर्मराज सिंह, बलराम, राम, भुवनेश्वर, कल्याण, तोमपाल कंवर, जितेंद्र, यदुनंदन, कोमल, फुलेश्वर, चेतन, सुमन, वेदराम, कुंवरसिंह, खूबचंद, यादराम, नेतराम, मानसिंग, ललित, दयाराम, सतीश, खेमसिंह उपस्थित थे।

### सशिमं में छात्राओं ने छात्रों को बांधी राखी



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय आमातालाब धमतरी में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि श्रीमती विनीता मोरघड़े, प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू, विशिष्ट अतिथि सोनसाय साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता ने रक्षाबंधन के महत्व पर पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों के आधार पर प्रकाश डाला। विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों की आरती कर अक्षत, रोली लगाकर उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। शिक्षिकाओं ने भी सभी शिक्षकों की आरती कर राखी बांधी।

### छात्रों को रक्षासूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया



**नगरी।** द कम्पिटिशन एकेडमी में नगरी में कक्षा 12वीं के छात्र -छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। एकेडमी के प्रबंधक इंदु पटेल ने बच्चों को बताया कि जीवन में पढ़ाई के साथ संस्कृति एवं संस्कार भी जरूरी है। इंसान कितना भी बड़ा क्यों न हो, हमें अपना संस्कार भूलना नहीं चाहिए। इस दौरान छात्राओं ने छात्रों को रक्षासूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा कराया।

### खिसोरा सोसाइटी भवन की दीवार से पानी का रिसाव




■ कागजात एवं इलेक्ट्रिकल सामान हुए खराब

**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी मर्यादित समिति खिसोरा का भवन जर्जर हो चुका है। विगत 50 वर्षों से निर्मित समिति भवन की स्लैब दीवार से हल्की बरसात में पानी का रिसाव हो रहा है। स्लैब से पानी टपकने से कर्मचारियों को बैठने में परेशानी हो रही है। वहीं कागजात एवं इलेक्ट्रिकल सामान खराब हो रहे हैं।

### महिलाओं को स्तनपान के फायदे बताए



**अंवरी।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा भखारा में विश्व स्तनपान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिन्धु बैस सभापति महिला बाल विकास, परियोजना अधिकारी सरिता कुशवाहा, आईबीपीएस से प्रियंका मैडम, पूर्व पार्षद भारती साहू, महामंत्री अनिता साहू, दुर्गा साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिशुशती महिलाएं उपस्थित थी। स्तनपान के फायदे बताए गए।

### विहिप, बजरंग दल ने गौ तस्करों को पकड़ा



■ कब्जे से 6 गौवंश छुड़ाए गए, स्वास्थ्य परीक्षण के बाद गौशाला भेजा

**धमतरी।** विश्व हिंदू परिषद , बजरंग दल ने बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम मुरा दरबा के पास गौ तस्करों को अपनी गाड़ी से 6 गौ वंश की तस्करी करते पकड़ा। पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाकर गौ वंश का स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर सुरक्षित गौ शाला भेजा। जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन ने कहा कि गौ तस्करी की घटना जिले में निरंतर बढ़ रही है जिस पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है। गौ तस्करों को पकड़ने में जिला सह गौ रक्षा प्रमुख नमन जैन, प्रखंड मंत्री मिथिलेश साहू, प्रखंड संयोजक कुंज बिहारी साहू के साथ कुरूद प्रखंड के अन्य कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

### भखारा थाना परिसर में हुआ रामायण पाठ

**अंवरी।** भखारा थाना परिसर में सावन के अंतिम सोमवार को रामायण का आयोजन रखा गया। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक कॉलोनी एवं थाना परिसर के परिवार के सदस्य शामिल हुए।

रूद्री में आयोजित पालक-शिक्षक मेगा बैठक में शामिल हुईं सीईओ

# स्कूल की पहचान भौतिक संरचना से नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से होती है : रोमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले के 168 शासकीय विद्यालयों में एक साथ पालक-शिक्षक मेगा बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पालकों को विद्यालय से जोड़ते हुए बच्चों के शैक्षणिक, मानसिक और सामाजिक विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना था।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री में आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव मुख्य अतिथि थीं। सीईओ श्रीमती श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय की पहचान केवल उसकी भौतिक संरचना से नहीं, बल्कि वहां की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और छात्रों के प्रदर्शन से होती है। उन्होंने कहा कि पालक-शिक्षक बैठक न केवल बच्चों की शैक्षणिक स्थिति को समझने का माध्यम है, बल्कि उनके व्यवहार और अन्य गतिविधियों की जानकारी लेकर उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने का भी अवसर है।

उन्होंने छात्रों को महापुरुषों की जीवनी पर आधारित पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इससे उन्हें जीवन में संघर्ष और सफलता की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समय उनके भविष्य की दिशा तय करने वाला है, अतः गंभीरता से अध्ययन करें।

सीईओ ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बच्चों की रुचि के अनुरूप उन्हें आगे बढ़ने में सहयोग करें और पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने सप्ताह में एक दिन स्वच्छता, किचन गार्डन और सामूहिक गतिविधियों पर आधारित विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। साथ ही विद्यार्थियों को शासकीय कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण कराने, नियमित रूप से पढ़ाई की प्रगति जानने और विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए समर्पित प्रयास करने पर बल दिया।

इस अवसर पर श्रीमती श्रीवास्तव ने अपनी ओर से विद्यालय की लाइब्रेरी के लिए पुस्तकों का दान देने की घोषणा की और समाज के अन्य लोगों से भी पुस्तकें दान करने की अपील की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखें तथा उनके भविष्य निर्माण में सहयोग करें। बैठक में पालकों और शिक्षकों से सुझाव आमंत्रित किए गए, जिससे विद्यालय की गुणवत्ता में और सुधार किया जा सके।

## ब्लाक कांग्रेस भखारा ने गातापार सोसाइटी का किया घेराव



■ किसान आज खेत छोड़कर सोसाइटी का चक्कर काट रहे हैं : राजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा ने क्षेत्र के किसानों के साथ मिलकर कोर्रा सहकारी समिति अंतर्गत गातापार सोसाइटी का घेराव किया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि शासन प्रशासन की मिलीभगत और लापरवाही का नतीजा है कि किसान आज खेत छोड़कर सोसाइटी का चक्कर काट रहे हैं। डी एमओ ने एक घंटा में इस समस्या का समाधान करने की बात कही थी लेकिन 4 दिन से व्यवस्था जस तस बनी हुई है। अगर सोसाइटी में खाद है तो किसानों को तत्काल दें और नहीं है तो सभी सोसाइटी को बंद कर दें। निजी संस्थानों को लाभ पहुंचाने यह कार्य किया जा रहा है।

पूर्व जिपं सभापति गोविंद साहू ने कहा कि यह व्यवस्था सरकार की नीयत में खोट को प्रदर्शित करती है। जब से यह सरकार आई है किसानों की स्थिति बद से बदतर हो गई है। एन कृषि के समय खाद की कमी से किसान परेशान हैं।

प्रभारी महामंत्री होमेंद्र साहू ने किसानों को तुरंत खाद मुहैया कराने के लिए प्रबंधक को व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। क्षेत्र के किसानों से सहमति लेकर इनवाइस नंबर और रेट लिस्ट विषय में सहमति लेकर तुरंत खाद दें। किसान को परेशान न करे क्योंकि किसान हमारे अन्नदाता हैं। मौके पर पूर्व जिपं सदस्य अशोक साहू, मंडल अध्यक्ष राजा बंजारे, सोहन साहू, सेक्टर अध्यक्ष सूर्यकांत साहू, विवेक साहू, भूषण साहू, युकां अध्यक्ष पुखराज साहू, आनंद साहू, घनाराम साहू, लेखराम यादव, लोकेश्वर साहू, तरुण साहू, नरेश, कन्हैया, विनोद जैन, पूरण साहू, अश्वनी, केशव, निर्मल साहू, धनमोहन साहू, मेघनाथ साहू, छबिलाल, तिलेश्वर, नीलकमल, रितेश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं किसान उपस्थित थे।


## छात्राओं ने फूल पत्तों से बनाई मनोरम राखियां



■ माध्यमिक विद्यालय फुसेरा में हुई हर्बल राखी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव





राखी के एक दिन पूर्व माध्यमिक विद्यालय फुसेरा की छात्राओं द्वारा हर्बल राखी प्रतियोगिता शाला स्तर पर आयोजित की गई। छात्राओं ने फूल पत्तों की सहायता से मनोरम राखियों का निर्माण किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार भीमो ने कहा कि अभाव में हम अपनी क्षमता का परिचय देते हुए नवाचार कर समाज में संदेश दे सकते हैं। उपाध्यक्ष चमेली नेताम, मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती जमुना देवी साहू व सदस्य हर्बल राखी देखकर खुश हो गए। अतिथियों ने कहा कि जहां हम त्योहार में महंगी राखी का उपयोग करते हैं वहीं दूसरी ओर हमारा छोटा सा प्रयास एक नया आयाम और समाज में बेहतर संदेश देता है। सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार साहू ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए हर्बल राखी पहन बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में डॉ लोकेश कुमार साहू, हाईस्कूल के प्राचार्य डिकेश कुमार साहू, अध्यक्ष डॉ योगेन्द्र कुमार साहू, व्याख्याता संतोष कुमार नेताम, मनीषा साहू, हेमलता ध्रुव, नीतू कवरेती, रचना नागवंशी, भागवत मनहर, सुनील कुमार यादव, मनोज कुमार माहले, भोज लहरी, नरोत्तम, प्रियंका साहू, गोपेश्वर, शेखर, झम्मन समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आभार व्यक्त संस्था प्रमुख रमाकांत साहू ने किया।

## बच्चों में बचत की आदत विकसित करने घर में गुल्लक अवश्य रखें



■ शासकीय कन्या स्कूल मगरलोड में आयोजित बालक-पालक बैठक में शिक्षा पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में शिक्षक पालक बालक की प्रथम मेगा बैठक का आयोजन रखा गया जिसमें घर के वातावरण को कैसा बनाया जाए, छात्रों में नियमित दिनचर्या का विकास करना, छात्रों में अच्छी आदतों का विकास करना, छात्रों के साथ उनकी व्यक्तिगत समस्या पर मित्रवत व्यवहार करना, घर परिवार एवं छात्रों को नशापान से दूर रखना, नशीली वस्तुओं की बच्चों द्वारा खरीदी नहीं कराने, घर में मोबाइल के इस्तेमाल को नियंत्रित करने कहा गया।

बालकों की देखरेख में ही मोबाइल का पढ़ाई में इस्तेमाल करने एवं बच्चों में बचत की आदत विकसित करने के लिए पालकों को अपने-अपने घरों में गुल्लक अवश्य रखने एवं बच्चों को गुल्लक में पैसा जमा करने की आदत को बढ़ावा देने, पढ़ने का वातावरण बनाने, छात्रों को एक निश्चित समय पर घर में पढ़ने के लिए बैठने, स्कूली गृह कार्य को करवाने हेतु समय प्रदान करने की बात कही गई।

मौके पर पर्यवेक्षक श्रीमती मनीषा पांडे उपसंचालक समाज कल्याण विभाग धमतरी श्रीमती हेमकुमारी चौहान अध्यक्ष, विदम चौहान, श्रीमती रुक्मणि सिन्हा, मोहम्मद ताहिर रिजवी, नेकराम, प्राचार्य पनेश कुमार सेन, मुगल कुरैशी, दामिनी, उमेश मरकाम, रूपेश्वरी, भुनेश्वरी, एकता समेत पालकगण एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

## मिडिल हेडमास्टर प्रमोशन को लेकर छग टीचर्स एसोसिएशन 1 सितंबर को घेरेगा जेडी कार्यालय

**धमतरी।** माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पद पर विगत 3वर्षों से पदोन्नति न होने से रायपुर संभाग के शिक्षक एलबीई एवं टी संवर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है। छग टीचर्स एसोसिएशन संभाग रायपुर के प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रांतीय कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, प्रांतीय पदाधिकारी सुखनंदन साहू, जिलाध्यक्ष डा. भूषणलाल चंद्राकर ने बताया कि एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कई बार संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर को ज्ञापन सौंपा किन्तु अधिकारी कभी कोर्ट का हवाला देकर तो कभी उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर पदोन्नति करने की बात कहकर गुमराह करते रहे। अन्य संभाग में वन टाइम रिलैक्सेशन के तहत दो से तीन बार पदोन्नति हो चुकी है किन्तु रायपुर संभाग में एक भी बार पदोन्नति नहीं होने से शिक्षक संवर्ग मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। पदोन्नति की मांग को लेकर आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में 1 सितंबर को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया गया। 18 अगस्त को कमिश्नर डीपीआई एवं जेडी रायपुर को मांगों का ज्ञापन एवं घेराव का अल्टीमेटम दिया जायेगा। 20 अगस्त को ब्लॉक स्तरीय एवं 21 अगस्त को जिला स्तरीय ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

## महिलाओं को राशन कार्ड वितरित

**अंवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छग शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक अजय चंद्राकर की मंशा के अनुरूप खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत अन्नपूर्णा योजना एवं विभिन्न प्रकार के राशनकार्डधारियों को विशेष राशनकार्ड जारी किया गया है। अंत्योदय राशनकार्ड में हितग्राहियों को 10 किलो चावल निःशुल्क तथा 25 किलो चावल 1 रुपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह प्राप्त करने की पात्रता है। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, मेघनाथ साहू, परदेशी कंवर, अविनाश गौर, झम्मन साहू, भानुप्रताप गायकवाड़, चांदनी साहू, अंजु दीनानाथ साहू, भूपेंद्र यादव सहित हितग्राही महिलाएं उपस्थित रही।

## स्व. इतवारीराम चिण्डा के नाम पर फरसियां स्कूल का नामकरण करने की मांग

■ आदेश शीघ्र जारी न होने पर शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों ने दी तालाबंदी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



शासकीय भूमि की अनुपलब्धा के कारण नवीन हायर सेकेण्डरी भवन शा.उ. मा. विद्यालय फरसियां के लिए कोमल कश्यप ग्राम फरसियां तथा अनुज सुभाष कश्यप ग्राम फरसियां ने अपनी पैतृक जमीन 1.10 एकड़ को विद्यालय भवन निर्माण के लिए दान दिया है तथा अनुरोध किया था कि विद्यालय भवन उनके पूर्वज स्व. इतवारी राम चिण्डा के नाम से संचालित हो। भू-दानदाता की इच्छा थी कि शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए उनके पूर्वज के नाम आलोकित रहे। इस हेतु समस्त दस्तावेज विभागीय अधिकारियों को भेजा जा चुका है। परन्तु सन-2016 में निर्मित विद्यालय भवन का नामकरण उनके पूर्वज के नाम से नहीं किया गया। तत्कालीन कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी नगरी ने नामकरण हेतु भूदानदाता की जमीन शासन के पक्ष में हस्तांतरित की है।

शासन-प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों को भी पहल करने लिखित एवं मौखिक रूप से भी अनुरोध किया गया है। माह जून 2025 में महानदी मां अभियान के मौके पर अधिकारियों को लिखित रूप से अनुरोध किया था। नामकरण नहीं होने से भूदानदाता परिवार की नाराजगी विद्यालय स्टाफ एवं शाला प्रबंधन समिति को झेलनी पड़ रही है। शासन-प्रशासन आज भी विद्यालय का नामकरण हेतु उदासीन है। नामकरण आदेश शीघ्र जारी न होने कि दशा में शाला प्रबंधन समिति एवं आश्रित ग्रामों के पालकों ने विद्यालय में तालाबंदी की चेतावनी दी है। आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी। मौके पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद साहू, सरपंच केशव टेकाम, भू-दान दाता कोमल सिंह कश्यप, सुभाष कश्यप, उपसरपंच त्रिलोक साहू, ग्राम समिति उपाध्यक्ष उमेश साहू, शिव प्रसाद प्रजापति, भारत लाल साहू, चंद्रकुमार सिन्हा, चमन निर्मलकर, रितेश पारख, खम्मन साहू, लीलांबर साहू, शिवदयाल साहू, सुग्रीव साहू, सुदर्शन चनाप, मिश्री लाल साहू, कन्हैया कश्यप, हरकलाल मरकाम, राजेश सिन्हा, अरुण प्रजापति, पूर्णिमा, अनिता साहू, चम्पा साहू, आशिता कश्यप मौजूद थे।

## गुरु अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर जीवन को नई दिशा देता है

■ महर्षि वेदव्यास कॉलेज भखारा में व्यास पूजा कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी




महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में महर्षि वेदव्यास पूजा अर्थात गुरू पूजन का कार्यक्रम रखा गया। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रशेखर चौबे जिला संयोजक भारतीय शिक्षण मंडल जिला धमतरी व विशिष्ट अतिथि निरंजन कुमार जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. श्रीमती मंजु झा ने की। इस अवसर पर प्राचार्य मंजु झा ने कहा कि गुरु ही वह सेतु है जो शिष्य को उसकी क्षमता और सफलता के बीच जोड़ता है। व्यास पूजा भारतीय संस्कृति का वह उत्सव है जो हमें आत्मिक मूल्य और नैतिक विचारों की ओर लौटने का अवसर देता है। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रशेखर चौबे ने भारतीय ज्ञान परंपरा, महाभारत-रामायण के चरित्रों के संघर्ष, गुरु-शिष्य संबंध, विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता जैसे विषयों पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। उन्होंने महर्षि वेदव्यास की जीवनगाथा पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक समय में गुरु परंपरा की प्रासंगिकता को रेखांकित किया।

रासेयो जिला संगठक निरंजन साहू ने कहा कि गुरु वह दीप है, जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर जीवन को दिशा देता है। विद्यार्थियों को सदैव गुरु के बताए मार्ग पर चलकर श्रेष्ठ नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। जानेन्द्र बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि महर्षि वेदव्यास का जन्म आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को हुआ था। भारतीय ज्ञान परंपरा में वेदव्यास को प्रथम गुरू माना जाता है इसलिए इनके जन्म दिवस को गुरू पूर्णिमा के रूप मनाते हैं। महर्षि वेदव्यास एक ऋषि मुनि थे। उन्होंने एकल शाश्वत वेद को चार वेदों ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद तथा अथर्ववेद में विभाजित किए। इसलिए उन्हें वेदव्यास की संज्ञा दी गई है।

व्यास ने महाकाव्य महाभारत, 18 पुराणों की रचना की। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय शर्मा, डॉ. एलआर डोंगरे, डॉ. कविता वैष्णव, डॉ. अविनाश आर निचत, आनंद सोनी, दिनेश कुमार नाग, रामकिशोर यादव, श्रीमती शकुंतला कोसरिया, श्रीमती अनुनय टोप्पो, ग्रंथपाल लोकेन्द्र सुधाकर समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### शुभ मुहूर्त सुबह 5.47 से दोपहर 1.24 तक, त्रियोगकाल के कारण दिनभर शुभ

# सौभाग्य, शोभन, सर्वार्थसिद्धि योग पर आज भाइयों की कलाई पर सजेगी रेशम की डोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाई, बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन आज 9 अगस्त को मनेगा। बहनें अपने भाइयों का बेसब्री से इंतजार करेंगी। भाई भी अपने प्यार स्नेह के बदले आशीर्वाद रूपी गिफ्ट देंगे। यह परंपरा सनातनी है इसलिए इसे हर वर्ग में लोग मनाते हैं। भाई सैकड़ों किमी दूर से अपने बहनों से मिलने जरूर आते हैं। इस वर्ष शुभ मुहूर्त सुबह 5.47 बजे से शुरू हो जाएगा जो 1.24 बजे दोपहर तक रहेगा। हालांकि इस दिन सौभाग्य, शोभन, सर्वार्थ सिद्धि तीनों का अद्भुत योग है इसलिए सूर्योस्त तक राखी बांध सकते हैं।ज्योतिषाचार्य पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि बहनों के लिए राखी बांधने का शुभ मुहूर्त साढ़े सात घंटे हैं जो पर्याप्त है लेकिन तीन योगों का अद्भुत मिलन है इसलिए सूर्यास्त तक राखी बांध सकते हैं। इस साल रक्षाबंधन का त्योहार भद्रा काल से मुक्त है। श्री तिवारी ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन शुभ मुहूर्त पर स्नान से निवृत्त होने के बाद ईष्टदेव को याद करते हुए थाली में रोली, चंदन, अक्षत, दही, राखी, मिठाई, श्रीफल, फूल रखे। घी के दीपक से भाई की आरती उतारें। भाई को पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठाएं। भाई बहन का सिर गमछा, टोपी, रूमाल से ढंका होना चाहिए। माथे पर तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधे। आरती उतारकर मिठाई खिलाएं। मंगलकामना के साथ माता-पिता, गुरू, ईश्वर का आशीर्वाद लें। बहनों को उपहार जरूर देना चाहिए। डोरी में तीन गांठें जरूर लगाएं।

किराना, कपड़ा, फैंसी, आर्टिफिशियल, सोना चांदी आदि दुकानों में जमकर भीड़ है। व्यापारी आकाश बोधवानी ने बताया कि इस साल राखी का त्योहार व्यापारियों के लिए बरकत लेकर आया है। सभी प्रकार की दुकानों में ग्राहकी है। राखी स्टॉल में खूब भीड़ है। बाजार में 10 रूपये से लेकर 500 रूपये तक राखी ज्यादा बिक रही है। वहीं सदरबाजार में जाम की स्थिति हो गई है। यातायात बाधित होने से राहगीर परेशान हैं। पुलिस के जवान डटे हुए हैं।

#### बाजार में भीड़ बढ़ी, यातायात बाधित

रक्षाबंधन को लेकर शहर का बाजार सप्ताह भर पूर्व से गरम है। सुबह 9 से रात्रि 8 बजे तक सदरबाजार में काफी भीड़ है। मकई चौक, बालक चौक, गोलबाजार, इतवारी बाजार, रामबाग क्षेत्र में राखी का स्टॉल सजा हुआ है जहां बहनें राखी खरीदने मशगूल हैं। बाजार में राखी के अलावा मिठाई, पूजा सामग्री, नारियल, फल फूल, केला, सेव फल आदि की अस्थायी दुकानें लगी हैं।

# उत्तर सिंगपुर तथा केरेगांव रेंज में दो दंतैल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

#### फसल क्षति से क्षेत्र के किसान चिंतित



उत्तर सिंगपुर तथा केरेगांव रेंज के जंगल में दों हाथियों का विचरण हो रहा है। दोनों रेंज में धान फसल के नुकसान की खबर है। दोनों रेंज के निगरानी दल हाथी पर नजर बनाए हुए हैं। हाथी विचरण वाले क्षेत्र के आसपास के गांवों में दशहत है। किसानी कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ने की जानकारी मिल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केरेगांव रेंज के ग्राम पीपरछेड़ी, जोगीडीह इलाके में एक दंतैल का विचरण हो रहा है जिससे फसल नुकसान की खबर है। जोगीडीह पीपरछेड़ी मार्ग में हकीम खान का खेत है। यहां 5 एकड़ खेत में धान की फसल लगी हुई है। गुरूवार शाम 5 बजे हाथियों ने खेत में प्रवेश किया। खेतों में घूम-घूमकर करीब एक एकड़ फसल को नुकसान पहुंचाया है। उसने वन विभाग से राहत और मुआवजे की मांग की है। केरेगांव परिक्षेत्र के सहायक परिक्षेत्र अधिकारी मंशाराम ने बताया कि जोगीडीह आबादी क्षेत्र में एक स्थान पर फसल क्षति का प्रकरण बनाया गया है। बलौदाबाजार मेल हाथी का लोकेशन छुही बीट के कक्ष क्र. 142, 143 में है। आसपास के गांव भालूचुवा, छुही, साल्हेभाट, पीपरछेड़ी, झुरातराई, जोगीडीह, लंबूडेरा, बासीखाई, बाजार कुर्रीडीह में लोगों को सतर्क किया गया है।

गरियाबंद मेल हाथी का लोकेशन उत्तरसिंगपुर परिक्षेत्र के राजाडेरा परिसर कक्ष क्र. 22 आरएफ में बताया जा रहा है। दल प्रमुख प्रेमलाल लहरे ने बताया कि हाथी विचरण क्षेत्र में फसल हानि के पांच मामले सामने आए हैं। जलकुंभी, हथबंद, रेंगाडीह, परसाबुड़ा, राजाडेरा, तेंदूभाठा, कोरगांव, कनडबरा, बनियातोरा, बूढ़ाराव, मड़ेली, बकोरी, चारभाठा पठार आदि गांव में मुनादी कर लोगों को सावाधान किया गया है।

# राजस्व विभाग में स्टाफ कम इसलिए काम की रफ्तार सुस्त

■ डूब प्रभावित युवाओं को रिक्त पदों पर प्राथमिकता देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला प्रशासन के राजस्व विभाग में कर्मचारियों की कमी के चलते काम प्रभावित हो रहा है। लोगों की समस्याएं और शिकायतें भी काफी विलंब से दूर हो रही हैं। स्थिति को देखते हुए डूब प्रभावितों ने इन पदों को जल्द से जल्द भरने की मांग की है। उन्होंने नियुक्ति में योग्यतानुसार डूब प्रभावितों को प्राथमिकता देने की भी मांग की है।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से कलेक्टोरेट का राजस्व विभाग पर पूरा जिला निर्भर करता है। इसी विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों की जबरदस्त कमी है। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी के आधार पर हरिशंकर मरकाम ने बताया कि राजस्व विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों के कुल 246 पद स्वीकृत हैं। इसमें से 144 पदों पर ही नियुक्ति हैं। बाकी के 106 पद रिक्त हैं। नायब तहसीलदार के 13 पद में से 4 पद रिक्त हैं। सहायक ग्रेड-2 लेखापाल के 42 पद में से 16 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार सहायक ग्रेड-3 डाटा एंट्री आपरेटर के 27 पद, स्टेनो टाइपिस्ट के 6 पद, मामले जमादार के 3 पद, भृत्य के 18 पद, अर्दली के 3 पद, प्रोसेस सर्वर के 7 पद, फर्राश के 1 पद, स्वीपर के 2 और अंशकालीन स्वीपर के 4 पद रिक्त हैं। इससे राजस्व विभाग का कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इन पदों को शीघ्र भरने की मांग की है। उन्होंने बताया कि डूब प्रभावित युवा जो इन पदों के लिए योग्य हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाए।

# कुत्तों के हमले से गंभीर बच्ची हायर सेंटर रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



■ बोराई थाना क्षेत्र के ग्राम मैनपुर की घटना

आवारा कुत्तों के हमले से घायल बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल से हायर सेंटर रायपुर रिफर कर दिया गया है। नगरी क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित बोराई थाना क्षेत्र के ग्राम मैनपुर की आन्या नेताम उम्र 9 वर्ष 4वीं कक्षा की छात्रा है। बच्ची गुरूवार को स्कूल गई थी जहां से छुट्टी होने पर दोपहर में घर आ गई। घर लौटने के बाद बच्ची बाड़ी के पास स्थित आंगन में खेल रही थी। इसी दौरान गांव के पांच आवारा कुत्तों ने बच्ची को घेरकर उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची के सिर, हाथ, पैर व पीठ को बुरी तरह से नोंच डाला। बच्ची की चीख पुकार सुनकर परिजन व ग्रामीण उसे बचाने के लिए पहुंचे। कुत्तों के हमले से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल बच्ची को उपचार के लिए बोराई के स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां से रिफर करने पर उसे नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। घायल बच्ची की हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया। शाम तक घायल आन्या को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया जहां उसका उपचार किया गया। बच्ची की गंभीर हालत को देखते हुए दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह उसे हायर सेंटर रायपुर रिफर किया गया। घायल बच्ची का रायपुर में उपजार जारी है।

# आज भखारा में दिखेगी आदिवासी संस्कृति की अनूठी छटा

■ विश्व आदिवासी दिवस पर होगा जिलास्तरीय आयोजन, बिरसा मुंडा की प्रतिमा का होगा अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विश्व आदिवासी दिवस इस वर्ष भी धमतरी जिले में पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक वैभव के साथ मनाया जाएगा। रोटेशन पद्धति के तहत इस बार जिलास्तरीय कार्यक्रम भखारा कृषि उपज मंडी प्रांगण में होगा जहां आदिवासी संस्कृति और विरासत की झलक पूरे दिन दिखाई देगी।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे मां दंतेश्वरी मंदिर, भखारा में सेवा अर्जी के साथ होगी। इसके पश्चात पारंपरिक भोजली एवं जग-जंवारा यात्रा का शुभारंभ होगा, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरेगी। यह यात्रा पारंपरिक बाजा और आंगापेन की अगुवाई में निकलेगी, जिसमें विभिन्न समाज के सदस्य अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे। सुबह 11:30 बजे धरती आबा बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। यात्रा के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर देव स्थापना एवं पारंपरिक लोक नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन होगा। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम रखा गया है। इस वर्ष के आयोजन की विशेष थीम आदिवासी धर्म कोड की मांग रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में डांग डोरी के साथ देव जातरा, सामूहिक रेला पाटा, विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और मानव सभ्यता की झांकी शामिल होंगी। आदिवासी समाज ने समाजजनों से अपील की है कि विश्व आदिवासी दिवस को त्योहार के रूप में मनाते हुए संध्या पूर्व अपने-अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। विशिष्ट अतिथि सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद नेताम, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, धमतरी विधायक ओंकार साहू और जिला पंचायत सदस्य टीआर कंवर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई करेंगे। आयोजन में गोंड़ समाज, कंवर पैकरा समाज, गोंडवाना समाज, नगारची समाज, कण्डरा समाज, कमलवंशी कंवर, हल्बा समाज, पारधी समाज, कमार समाज, भुजिया समाज सहित विभिन्न आदिवासी समाज के प्रमुख सम्मिलित होंगे।

# बोलबम कांवरियों ने भोलेनाथ की निकाली शोभायात्रा

■ बोलबम का जयघोष गूंजा, शिव-पार्वती की झांकी ने मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बोलबम कांवरिया संघ ने गुरूवार को श्री बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर से शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली, जो मंदिर स्थल से प्रारंभ होकर तहसील आफिस, रमसगरी गार्डन, शिव चौक, रत्नाबांधा चौक, नेशनल हाईवे मार्ग, घड़ी चौक, गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, कचहरी चौक, इतवारी बाजार होते हुए मंदिर परिसर में समाप्त हुई। इसके बाद शिव-पार्वती की महाआरती की गई। प्रसाद वितरण पश्चात भजन-कीर्तन हुआ। शोभायात्रा में शिव भक्तों ने बोलबम के जयघोष लगाए। पैदल चलते हुए झांकी को कंधे में उठाए हुए थे। रास्ते में भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। सभी भक्तों को केला, दूध, सेबफल, ड्राईफ्रूट, फलों का रस वितरण किया गया। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु, कांवरिये शामिल हुए। मुख्य आकर्षण भगवान भोलेनाथ की झांकी रही जिसे पारंपरिक वेशभूषा व मनोहारी साज सज्जा से सजाया गया था। समिति का यह 34 वां वर्ष है जो निरंतर शोभायात्रा शहर में निकाल रही है। सावन माह में मंदिर परिसर में 30 दिवसीय शिव महापुराण पाठ का आयोजन किया जिसके समापन पर शोभायात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, आनंद पवार, गौतम वाधवानी, पं. हरिशंकर वैष्णव, दाऊ कृष्णकुमार गुप्ता, गोपाल वाधवानी, मुकेश सुखवानी, दुष्यंत कुमार, चुनेश्वर राम, तीरथ फूटान, गोपाल कौशिक, सुरेन्द्र गुप्ता, घनश्याम सोनी, अभिषेक गोयल, आकाश गोलछा, योगेश फूटान, देव फूटान, जीतु कुमार, मनीष राजवानी, हर्ष वाधवानी सहित सैकड़ों भक्त शामिल हुए।

# छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में दी जानकारी

**मगरलोड।** यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय इंडक्शन (दीक्षारंभ) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश साहू रहे। इंडक्शन कार्यक्रम में बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश साहू ने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व को बताया। कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए यह शिक्षा नीति लागू की गई है। कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के सदस्य होरीलाल साहू, नीलम साहू, देवशरण साहू, हिरामन ध्रुव, विजय यदु, खूबचंद साहू समेत वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक घनश्याम देवांगन, कौसलेश ध्रुव, संतोष व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ब्रेकर में उछलकर बाइक कार से टकराई, दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेशनल हाइवे में बाईपास मोड़ के पास स्थित ब्रेकर में बाइक उछलकर सामने जा रही कार से टकरा गई। घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई के सेक्टर 4 निवासी विष्णु सेठिया पिता चेनू उम्र 32 वर्ष, राकेश कलेते पिता बाबूलाल उम्र 40 वर्ष मार्केटिंग का काम करते हैं। शुक्रवार को दोनों मार्केटिंग के काम के सिलसिले में मोटरसायकल से धमतरी पहुंचे थे जहां से दोपहर दोनों मोटरसायकल से नेशनल हाईवे होते हुए कुरूद की तरफ जा रहे थे। ग्राम संबलपुर बाईपास मोड़ के पास स्थित ब्रेकर में सामने जा रही कार ने अचानक ब्रेक लगा दी। इसी दौरान पीछे आ रही बाइक चालक ने भी ब्रेक लगा दी। बाइक ब्रेकर से उछलकर सामने जा रही कार के पीछे टकरा गई। घटना में बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक के पैर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर अर्जुनी लोकेशन की संजीवनी 108 एम्बुलेस के ईएमटी चित्रसेन साहू व पायल प्रदीप साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे। जहां सड़क पर पड़े घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती किया गया। शाम तक घायलों ने दुर्ग अस्पताल में रिफर करा लिया। घायलों को दुर्ग अस्पताल में पहुंचाया गया।

# आटो को ठोकर मार कार से टकराई कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



तेज रफ्तार कार आटो को टक्कर मारने के बाद दूसरी कार से टकरा गई। घटना में आटो चालक घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर एक सफेद रंग की कार मुजगहन तरफ से शहर की ओर आ रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने विवेकानंद कालोनी गली नं. 1 के पास एक आटो को जोरदार टक्कर मार दी। इसी दौरान रत्नाबांधा चौक तरफ से एक काले रंग की कार मुजगहन की तरफ जा रही थी। आटो को ठोकने के बाद सफेद कार ने सामने से आ रही कार को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में आटो चालक शंभूराम टांडिल्य उम्र 45 वर्ष महिमासागर वार्ड निवासी घायल हो गया। वहीं आटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर से दोनों कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। ठोकर मारने वाले कार चालक ने घायल शंभू को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल का प्राथमिक उपचार कर एक्सरे के लिये भेजा गया। रत्नाबांधा मार्ग में हुई इस घटना से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। कुछ समय तक सड़क में जाम की स्थिति बन गई थी जिससे अन्य राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### भाजपा कार्यालय में मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम पर हुई जिलास्तरीय कार्यशाला

# मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वाभिमान का पर्व है : राजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मोर तिरंगा मोर अभिमान के तहत स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर होना है जिसे भाजपा मुहिम की तरह आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में कार्यक्रम के संचालन के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला गोविंद सारंग भवन जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई । मुख्य वक्ता सीएसआईडीसी चेयरमैन राजीव अग्रवाल ने मार्गदर्शन दिया। मंच पर प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक रंजना साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निरंजन सिन्हा, अभियान के जिला संयोजक शशि पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, प्रदेश महिला मोर्चा पदाधिकारी हेमलता शर्मा सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता राजीव अग्रवाल ने कहा कि मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम को जनजन तक पहुंचाने कार्यकर्ता अपनी सामूहिक भूमिका सुनिश्चित करेंगे। मंडलों में भी कार्यशाला आयोजित कर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाए। यह राष्ट्रीय स्वाभिमान की एक मुहिम है जिसमे हम सभी को राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने का सुअवसर प्राप्त होने जा रहा है। यह पर्व राष्ट्रीय स्वाभिमान का पावन पर्व है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि समूचे देश को राष्ट्रप्रेम की कड़ी में जोड़ने हम हर घर में तिरंगा लहराएंगे। आज तिरंगा हर घर की छत पर और हर दिल में लहरा रहा है। यह केवल एक झंडा नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की आवाज है। मंच संचालन महामंत्री महेंद्र पंडित व आभार व्यक्त महामंत्री राकेश साहू ने किया।

बैठक में कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दुजा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष केशव साहू, जिपं सदस्य धनेश्वरी साहू, मोनिका देवांगन, टीकाराम कंवर, अनिता ध्रुव, अजय ध्रुव, कुलेश्वरी गायकवाड़, जिला उपाध्यक्ष तिलोकचंद जैन, रविकांत चन्द्राकर, विजय यदु, अकबर कश्यप, मंत्री हेमन्त चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष, पवन गजपाल, विनय जैन, मिश्रीलाल पटेल, अमन राव, कृष्णकांत साहू, रवि सिन्हा, लोकेश साहू, कल्याण राजपूत, बलजीत छाबड़ा, रोहित साहू, मनोहर मानिकपुरी, संजय मरकाम व मंडल प्रभारी व जिला कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

### जिले में औसत वर्षा के मुकाबले 86 प्रतिशत बारिश

# चार सिनोप्टिक सिस्टम तैयार, पांच दिनों तक बारिश के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी

बारिश में पिछड़े धमतरी जिले के लिए अच्छी खबर है। आगामी 5 दिनों तक पूरे प्रदेश में मध्यम वर्षा के लिए सिस्टम तैयार है। मौसम विभाग ने पांच दिनों तक मेघगर्जन वज्रपात तथा बारिश होने की जानकारी दी है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार देश में 4 अलग-अलग सिनोप्टिक सिस्टम बने हुए हैं। मानसून द्रोणिका औसत समुद्र तल पर पंजाब से देहरादून, पटना, बांलुरा, दीघा होते हुए उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। एक उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बंगलादेश, पश्चिम बंगाल के तटों और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के समीपस्थ क्षेत्रों में समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी उपर दक्षिण पश्चिम दिशा में उंचाई के साथ झुका हुआ है। एक द्रोणिका रेखा औसत समुद्र तल से 3.1 किमी उपर पूर्वोत्तर उत्तर प्रदेश से बिहार झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल के उपरी भागों से होते हुए दक्षिण बंगलादेश तक फैली हुई है। वहीं दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश के उपर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। चार प्रकार से बने आसमानी सिस्टम से प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी। चेतावनी में कहा गया है कि प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा, मेघगर्जन के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

#### मगरलोड तहसील में 250 मिमी बारिश कम

जिले की सातों तहसील में बारिश के अलग-अलग आंकड़े हैं। औसत वर्षा की तुलना में मगरलोड में महज 55 प्रतिशत बारिश हो पाई है। शुक्रवार तक 1 जून से मगरलोड में 321.7 मिमी बारिश हुई है जबकि औसत वर्षा की तुलना में 576.3 मिमी बारिश होती थी। यहां 255 मिमी बारिश में कमी है। कुकरेल तहसील में बारिश सबसे अधिक हुई है। यहां औसत वर्षा के मुकाबले 108 प्रतिशत बारिश हुई है। 1 जून से अब तक कुकरेल में 672 मिमी बारिश हो चुकी है। धमतरी तहसील में भी औसत वर्षा से 107 प्रतिशत बारिश हो गई है। नगरी में औसत वर्षा के मुकाबले 90.8 प्रतिशत, कुरूद में 81.3 प्रतिशत, भखारा में 79.4 प्रतिशत, बेलरगांव में 78.1 प्रतिशत बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है।


9 अगस्त की समस्त क्षेत्रवासियों को
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दिगम्बर कंवर सचिव देवपुर
देवपुर के सम्माननीय पंचगण : कनकराम ध्रुव, निलेश मरकाम, टीकाराम ध्रुव, सुरेश कुमार ध्रुव, सरस्वती ध्रुव, रोशनी सोनवानी, चंद्रिका साहू, रेशमी भरत, जोहतरिनबाई ध्रुव, गीता सांग, कुलेश्वरी मरकाम, चंद्रिका महिलांगे डोमेश्वरी मरकाम,संगीता ध्रुव, अंजु निर्मलकर, नरेंद्री ध्रुव, सरेखा कोसरे रोजगार सहायक, घनश्याम गंगवंशी भृत्य
आत्माराम नेताम
सरपंच देवपुर
अनिल राय
उपसरपंच देवपुर


9 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई
मुकेश कुमार कुंजाम
सरपंच कोगेंरा
विनोद कुमार नेताम (उपसरपंच) : श्रीमती सत्यभामा ठाकुर (सचिव)
: ग्राम पंचायत - कोगेंरा के सम्माननीय पंचगण :
मनकी कावर्डे, घुराईबाई नेताम, पीलाबाई सलाम, दुर्गा मरकाम, शंभु कमार, रीना निषाद, बसंत कावर्डे, सुकदेव कुंजाम, लोकेश्वरी मरकाम


9 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप सोम
सरपंच मल्हारी
श्रीमती देवकी पटेल
उपसरपंच मल्हारी
श्रीमती लक्ष्मी साहू
सचिव मल्हारी
: मल्हारी के सम्माननीय पंचगण :
दिनेश यादव, कमलनारायण बिशेन, टेमन बिशेन, टिकेश्वरी पटेल, हेमलाल पटेल, राजेश्वरी सोम, सुलोचना सोम, सोनल कश्यप, राजकुमारी कोसरे, निर्मला निषाद, लखन बघेल रोजगार सहायक, कु.कलेश्वरी निषाद पंचायत सेवक


9 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती नगीना सोम
सरपंच नवांगाव (सां)
पीलाराम सेन
सचिव
कमलेश मरकाम
उपसरपंच नवांगाव (सां)
: नवागांव (सां) के सम्माननीय पंचगण :
दाऊलाल नेताम, श्रीमती उषाबाई यादव, मनोहर मरकाम, श्रीमती अनुसुईया पुजारी, मानसिंह बिसेन, श्रीमती लक्ष्मीबाई यादव, किर्तन मरकाम, श्रीमती पूर्णिमाबाई छेदेया, श्रीमती गौरी नाग, श्रीमती संगन्तीनबाई नेताम, श्रीमती राजेश्वरी मरकाम, रूपेश कुमार ध्रुव, दौलत कुमार नेताम, श्रीमती लक्ष्मी ओटी


9 अगस्त
समस्त क्षेत्रवासियों को
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक बधाई
श्रीमती अंजना ध्रुव
सरपंच उमरगांव
असतराम सामरथ
सचिव उमरगांव
फलेन्द्र साहू
उपसरपंच उमरगांव
: उमरगांव के सम्माननीय पंचगण :
सोहन्द्री साहू, पुष्पा ध्रुव, दीपिका नेताम, सुभाषिनी ध्रुव, सरोजबाई शेष, जानकीबाई महार, तुलेश्वरी यादव, रूपलता सूर्यवंशी, महेश पुजारी, हेमन्त ठाकुर, किशोर यादव, संगीता साहू, लक्ष्मीनाथ काशिव, कमलेश्वरी नेताम, इमलाबाई नेताम, सावेश कुमार, रामभरोस मरकाम, भुनेश्वर मरकाम, रोहित कुमार


विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सोनी न्यूज एजेंसी सांकरा
उदित नारायण (आशु) सोनी मो. 9516717771, 9516017771


गोंडवाना लेण्ड छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को
विश्व आदिवासी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं
गिरदा गिरदा सेवा जोहार
9 अगस्त 2024
लखन लाल ध्रुव
सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त
डॉ. लक्ष्मी ध्रुव
पूर्व विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र
पूर्व प्रोफेसर राजनीति विज्ञान
स्वपनिल ध्रुव - विनंति ध्रुव
शौर्यप्रताप सिंह ध्रुव
शुभेच्छु - समस्त ध्रुव (मरकाम) परिवार, नगरी सिहावा


समस्त क्षेत्रवासियों को
विश्व आदिवासी दिवस
9 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं
नगरी - सिहावा - धमतरी छत्तीसगढ़
9 अगस्त 2025
10 अगस्त को कृषि उपज मंडी नगरी में आयोजित समारोह में पधार रहे सामाजिक जनों का
हार्दिक सेवा जोहार... स्वागत... वंदन... अभिनंदन
अंबिका मरकाम
विधायक सिहावा
महेश गोटा
ज.पं. अध्यक्ष नगरी
उमेश देव
अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज
दिनेश्वरी नेताम
पूर्व अध्यक्ष ज.पं. नगरी
रोहित बोर्झा
सीईओ ज.पं. नगरी
डोमार सिंह ध्रुव
अध्यक्ष कर्म.अधिकारी फेडरेशन
आर.एल. देव
अध्यक्ष
हल्बा समाज नगरी
महेन्द्र नेताम
अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष
पूर्व सरपंच मुनईकेरा
महेन्द्र बोर्झा
अध्यक्ष शिक्षक संघ
नगरी
उत्तम नेताम
सरपंच राजपुर
प्रेमसिंग सलाम
सभापति ज.पं. नगरी
प्रमोद कुंजाम
जनपद सदस्य भड़सिवना
श्रीधन सोम
जनपद सदस्य मेचका
मुनेंद्र ध्रुव
जनपद सदस्य हल्दीभाठा
अनित ध्रुव
अध्यक्ष सचिव संघ नगरी
किसुन भास्कर
सचिव
जोहन नेताम
व्याख्याता डाईट नगरी
आसत सामरथ
सचिव
गजेन्द्र नेताम
सचिव
रामसिंग मरकाम
पूर्व सरपंच बांसपानी
महेश नेताम
बरबांधा
भूषण मरकाम
कौव्हाबाहरा
गोलू मंडावी
हरिभूमि प्रभारी नगरी